घर उड़ जाओ



जैक केंट

मई के एक गर्म मंगलवार की दोपहर के ढाई बजे, जब कुछ भी नहीं करने का सही समय था, तब सैली, बगीचे में लाल गुलाब की झाड़ी के पास काम कर रही थी.







जैसे ही वह गुलाब को सूँघने के लिए झुकी, उसने एक पत्ती पर एक लेडीबग को देखा.

हर किसी का एक नाम होना चाहिए ताकि आप उसे उसके नाम से बुला सकें, और सैली ने फैसला किया कि लेडीबग का नाम मिसेज़ मिल्ड्रेड होगा.

"शुभ दोपहर, मिसेज़ मिल्ड्रेड," सैली ने कहा.





"अगर केवल एक ही व्यक्ति बात कर रहा हो तो वह बातचीत नहीं होती है." सैली ने कहा, "फिर वो एक भाषण जैसा होता है."




गुलाब की झाड़ी पर चढ़ने के कारण लेडीबग की सांस फूल गई थी इसलिए उसने उत्तर में केवल अपना सिर हिलाया.

"क्या गुलाब सुंदर नहीं हैं?" सैली ने पूछा.

लेकिन मिसेज़ मिल्ड्रेड ने कोई उत्तर नहीं दिया.

मिसेज़ मिल्ड्रेड ने फिर भी कुछ नहीं कहा. फिर सैली सीधी खड़ी हो गई, उसके सामने हाथ जोड़े, अपना गला साफ किया और उसने गाना शुरू किया:





"लेडीबग, लेडीबग,

घर उड़ जाओ

तुम्हारे घर में लगी है आग,

बच्चे जलकर होंगे खाक."

यह देखते हुए कि मिसेज़ मिल्ड्रेड काफी परेशान लग रही थीं, सैली ने दुखी होते हुए कहा, "ओह, मैं आपसे क्षमा चाहती हूँ! आपके घर में असल में आग नहीं लगी है," सैली ने समझाया. "वो सिर्फ एक बच्चों की कविता थी. अगर मैंने आपको कुछ चिंतित किया है तो मुझे उस बात का दुःख है."



मिसेज़ मिल्ड्रेड ने उससे इनकार नहीं किया. "ठीक है, आप मेरे साथ चलें और मैं आपके लिए एक घर ढूंढ दूंगी," सैली ने कहा.

लेकिन मिसेज़ मिल्ड्रेड अभी भी परेशान लग रही थीं, और सैली को यकीन था कि उसने उनकी आँखों में आँसू देखे थे.


"निश्चित रूप से मुझे पता है कि मामला क्या है," सैली ने कहा. "आपका कोई घर नहीं है! ठीक, है ना?"



"पक्षी घोंसलों में रहते हैं," सैली ने कहा,
"क्या आप एक घोंसला चाहेंगी?"



लेकिन मिसेज़
मिल्ड्रेड ने कुछ
भी नहीं कहा.



"एक मकड़ी जाल बुनती है.
क्या धूप में चमकता हुआ
जाल सुंदर नहीं दिखता?"

लेकिन मिसेज़ मिल्ड्रेड
को वैसा नहीं लगा.

सैली ने कहा, "मधुमक्खियाँ छत्ते में रहती हैं और शहद बनाती हैं."

"इस खोखले पेड़ में मधुमक्खी का छत्ता है."





लेकिन मिसेज़ मिल्ड्रेड की उसमें कोई दिलचस्पी नहीं थी.






“चींटियाँ, बांबी में रहती हैं.

बांबी सुरंगों और गुप्त मार्गों से भरी होती हैं."

लेकिन मिसेज़ मिल्ड्रेड ऊबी हुई लगीं.



"कुत्ते, कुत्ताघरों में रहते हैं.



लेकिन कुत्ते को मेरा बिस्तर

मुझ से ज़्यादा अच्छा लगता है."



सैली हँसी.

मिसेज़ मिल्ड्रेड ने कुछ नहीं कहा.



"भालू गुफाओं में रहते हैं और पूरी
सर्दियों में शीतनिद्रा में रहते हैं. यहां तक
कि वे भोजन के समय भी सोते रहते हैं."

फिर मिसेज़ मिल्ड्रेड ऊँघने लगीं.



सैली ने गैराज की दीवार का छेद दिखाने के लिए मिसेज़ मिल्ड्रेड को जगाया - वह छेद जिसे डैडी बंद करने वाले थे, लेकिन वो काम उन्होंने अभी तक पूरा नहीं किया था.



सैली ने कहा,
"वहां एक चूहा
रहता है."



"छछूंदर भी छेदों में रहते हैं.

क्या आपको इनमें से कोई भी घर पसंद नहीं है, मिसेज़ मिल्ड्रेड?"



"ठीक है, मुझे लगता है कि उस तरह का घर एक कीड़े के लिए ठीक होगा. लेकिन रहने के लिए सबसे अच्छी जगह," सैली ने कहा...

उत्तर दिए बिना, मिसेज़ मिल्ड्रेड, सैली के हाथ से फिसलकर जमीन पर गिर गईं और एक चट्टान के नीचे रेंग गईं.





"एक घर होता है," उसने कहा,



"मेरे घर जैसा!"

